**वैशाखी उत्सव** | वैशाखी उत्सव में 'एक पहल किटी' का रंगारंग आयोजन, महिलाओं ने दिखाई सांस्कृतिक एकता की मिसाल

# पंजाबी वेशभूषा, गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों से सजा मंच






**नवभारत, जबलपुर।** पूरा सभागार वैशाखी उत्सव के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आया, जब 'एक पहल किटी' के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने माहौल को जीवंत बना दिया। हर ओर पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजी महिलाओं की चमक और मुस्कान ने मानो उत्सव को एक नई ऊंचाई दे दी। इस भव्य आयोजन की कमान वंदना आनंद, सिमरन भगवानी और प्रियंका शर्मा ने संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत ही ऊर्जा और उल्लास के साथ हुई, जहां ब्राह्मण, कायस्थ, पंजाबी और सिंधी समाज की महिलाओं ने एक साथ मंच साझा कर सनातन संस्कृति की एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

### समाज में एकता और जुड़ाव को किया मजबूत

इस अवसर पर संस्था की संस्थापक श्वेता गोटिया का विशेष सम्मान किया गया। सम्मान के दौरान उपस्थित महिलाओं ने उनके सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम के समापन पर श्वेता गोटिया ने वान्या आनंद सहित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और जुड़ाव को मजबूत करते हैं।



### शानदार नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया

मंच पर जब पारंपरिक गीतों की धुन बजी तो श्रद्धा तिवारी, ऋतु रावत, अंजना शर्मा, प्रज्ञा दुबे, नीति दीक्षित और नीमा शुक्ला ने अपने शानदार नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। तालियों की गूंज और उत्साह के बीच हर प्रस्तुति को भरपूर सराहना मिली।

### इनका कहना है



हमारा उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज की महिलाओं को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखना है। आज का उत्साह देखकर लगता है कि हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं।

**वंदना आनंद**



वैशाखी जैसे पर्व हमें अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। इस आयोजन के माध्यम से हमने परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत करने की कोशिश की है।

**प्रियंका शर्मा**



एक पहल' की शुरुआत ही समाज को जोड़ने के लिए की गई थी। आज अलग-अलग समाज की महिलाओं को एक साथ देखकर बेहद खुशी होती है। यह एकता ही हमारी असली ताकत है।

**श्वेता गोटिया**



जब महिलाएं एक साथ आती हैं तो सकारात्मक ऊर्जा अपने आप बनती है। आज का कार्यक्रम उसी ऊर्जा और एकता का प्रतीक रहा, जिसे हम आगे भी बनाए रखेंगे।

**सिमरन भगवानी**



# डिजिटल इंडिया में स्व-गणना एक क्रांतिकारी कदम

**छात्राओं- कर्मचारियों को बताई स्व-गणना पोर्टल की प्रक्रिया**

**नवभारत, जबलपुर।** जनगणना 2026 के अंतर्गत शासकीय मोहन लाल हरगोविंद गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर (मानकुँवर बाई कॉलेज) में 'स्व-गणना एवं जनगणना जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को डिजिटल जनगणना प्रक्रिया से अवगत कराना एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में नगर निगम के अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने स्व-गणना को डिजिटल युग की महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि सटीक जनसंख्या आंकड़े भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण की मजबूत नींव हैं। नोडल अधिकारी सागर बोरकर ने जनगणना पोर्टल की तकनीकी प्रक्रिया, उपयोगिता एवं नागरिक सहभागिता की सरलता पर विस्तार से जानकारी दी।

### सभी सदस्यों ने लिया गणना सुनिश्चित करने का संकल्प

कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं की गणना सुनिश्चित करने के साथ-साथ अन्य नागरिकों को भी इस राष्ट्रीय अभियान से जोड़ने हेतु प्रेरित करेंगे।

### फ्लो चार्ट के माध्यम से दी गई व्यावहारिक जानकारी

कार्यक्रम के दौरान स्व-गणना प्रक्रिया को फ्लो चार्ट के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। प्रतिभागियों को पोर्टल पर पंजीकरण, डिजिटल डेटा प्रविष्टि एवं सत्यापन की विभिन्न प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## एक नजर में



### पांच कर्मचारियों ने फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की

**नवभारत, जबलपुर।** आल इंडिया रिटायर्ड रेल्वेमेन फेडरेशन (एआईआरआरएफ) के तत्वावधान में मंगलवार 28 अप्रैल को रिटायर्ड रेल कर्मचारियों की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान रेल्वे अस्पताल से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही 8वें पे कमीशन से संबंधित आने वाली उपलब्धियों एवं समस्याओं सरकार के रुख के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर मार्च 2026 में रेल सेवा से रिटायर हुए 5 कर्मचारियों ने फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही 06 रिटार्यड रेल्वे कर्मचारियों का जन्मदिन केक काटकर धूम धाम से मनाया गया इस मीटिंग में करीब 100 रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विशेष तौर पर जोनल महामंत्री नवीन लिटोरिया, मंडल अध्यक्ष तेजिन्द्रर गुडलू, शाखा सचिव देवेंद्र सिंह, शाखा अध्यक्ष केजी गोस्वामी बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी, पदाधिकारी मौजूद रहे।



### एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन


**जबलपुर, नवभारत।** मंगलवार को खालसा स्कूल रांझी मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था यह कार्यशाला भगवती भारद्वाज द्वारा करवाई गयी थी। जिसमे पूर्व जिला खेल अधिकारी जबलपुर द्वारा सामाजिक जन सहयोग पर अपने विचार रखे गए एवं पीड़ितो के पक्ष मे बिना किसी भय के कार्य करने की प्रेरणा भी दी गई। इस कार्यक्रम मे प्रचार्या मैडम खालसा स्कूल एवं समस्त स्टाफ और अध्यक्ष कमलजीत सिंह, टीटू जग्गी एवं सह सचिव दमनीत सिंह, प्रिंस भसीन मौजूद थे।

### शौर्य संकल्प योजना से मिलेगा सेना-पुलिस में कैरियर का अवसर

**नवभारत, जबलपुर।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, कलेक्टर कार्यालय जबलपुर द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में करियर के लिए तैयार करने हेतु 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत जिले के 100 युवक और 100 युवतियों का चयन कर उन्हें 45 दिवसीय पूर्णत: नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में रहने, भोजन एवं अध्ययन सामग्री की व्यवस्था शासन द्वारा की जाएगी। पुरुष प्रशिक्षार्थियों को 1000 रुपए तथा महिला प्रशिक्षार्थियों को 1100 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रतिदिन 4 घंटे सैद्धांतिक कक्षाएं (सामान्य ज्ञान, गणित, कंप्यूटर एवं अंग्रेजी) तथा 3 घंटे शारीरिक प्रशिक्षण (दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक) शामिल रहेगा। पुरुषों के लिए प्रशिक्षण केंद्र रामपुर छापर स्थित बालक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास तथा महिलाओं के लिए नीमखेड़ा स्थित कन्या छात्रावास निर्धारित किया गया है। पात्रता के अनुसार आवेदक का 12वीं उत्तीर्ण होना, मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी नॉन-क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र आवश्यक है। शारीरिक मानकों में पुरुषों की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी और महिलाओं की 155 सेमी निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार 11 मई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 52 अथवा विभागीय वेबसाइट से प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण का शुभारंभ 12 मई से किया जाएगा।

# मंदिर के इक्कीस वर्ष पूर्ण होने पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन

**महिला भजन मंडल द्वारा भजन संध्या एवं संगीतमय प्रस्तुति**




**नवभारत, जबलपुर।** सार्वजनिक हनुमान मंदिर सरस्वती कॉलोनी चेरीताल जबलपुर के स्थापना के इक्कीस वर्ष पूर्ण होने पर महिला भजन मंडल द्वारा भजन संध्या एवं संगीतमय सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ स्तुति के साथ हनुमान जी महाराज की आराधना कर, सुख समृद्धि एवं पूरा क्षेत्र भक्ति सेवा ओर संस्कार का केंद्र बना रहे एसी कामना की साथ पूर्वज जिन्होंने मंदिर निर्माण कर हमें संस्कृति, संस्कार, परंपराएं विरासत में प्रदान किये हैं, उन सभी पूज्यजनों का आत्मीय पुण्य स्मरण किया। पूजन- अर्चन कर दिव्य आरती की गई, इसके पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पं.वीरेंद्र दुबे, राजेश शर्मा, अरविंद गुप्ता, राम बाबू गुप्ता, नवीन नेमा, राजीव दुबे, सुनील ताम्रकार, अमर केवट, देवेंद्र पांडे, विकास चौहान, अरविंद तिवारी, नरेंद्र साहू, विंध्येष भापकर राजेंद्र ब्यौहार, अंकित बहरे, संजय शर्मा, संदीप नेमा, नितिन दुबे, राजू दुबे, बृजेश यादव, आशीष नेमा, अरविंद शर्मा, राकेश ब्यौहार, प्रभा शर्मा, प्रीति गुप्ता, कल्पना सुहाने, संगीता ब्यौहार, कीर्ति चौहान, अनिता शर्मा, सुनीता खरे, ममता ब्यौहार, रानू रजक, हर्षिका पटेल, विद्या केशरी, सरला शर्मा, मनीषा शर्मा, क्रांति पटेल, वर्षा झरिया सहित समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा आदि उपस्थित रहे।

### भोग और मोक्ष प्रदाता है मां बगलामुखी : चैतन्यानन्द

**नवभारत, जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव में पीताम्बरा भगवती माँ बगलामुखी का ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज द्वारा कैलाफलों से सहस्त्रार्चन किया गया। विजय एवं शत्रुओं के विनाश की कामना माता बगलामुखी से की गई। ब्रह्मचारी सुबुद्वानंद महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। यह भगवती पार्वती का उग्र स्वरूप है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी है। पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### मेलोडी जोन म्यूजिकल ग्रुप की सुरमयी संध्या ने बांधा समां

**नवभारत, जबलपुर।** दत्त मंदिर में आयोजित मेलोडी जोन म्यूजिकल ग्रुप की संगीतमय संध्या मंत्रमुग्ध कर देने वाली रही। इस सफल आयोजन में संगीत प्रेमियों ने नए और पुराने गीतों की शानदार प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। सभी कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में मेलोडी सॉन्ग म्यूजिकल ग्रुप की संचालिका जुही वर्मा ने आयोजन को शालीन और गरिमामय बनाए रखने में सहयोग के लिए सभी दर्शकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# पमरे के आनंद ने जीता स्वर्ण पदक

**नवभारत, जबलपुर।** बालाघाट में आयोजित हुई मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर, सब-जूनियर एवं जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल के खिलाड़ी आनंद कुमार पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। श्री पटेल, जो कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (वाणिज्य विभाग) में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ने 105 किलोग्राम भार वर्ग के सीनियर वर्ग में जबलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी सीनियर राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता, जो गाज़ीपुर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होगी, के लिए किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे एवं अध्यक्ष, पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ मनोज गुरुमुखि, महासचिव, पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ जी.पी. शिवनारायण (सीएसटीई/सी), वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल खेलकूद अधिकारी डॉ. मधुर वर्मा तथा सहायक खेलकूद अधिकारी गुन्नार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर 9 को सीएमई व एचएलए जांच शिविर

**मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञों की मौजूदगी में होगा आयोजन**



**नवभारत, जबलपुर।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया जनजागरण समिति मप्र, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर एवं थैलेसीमिया सिकलसेल जनजागरण समिति जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में नोवो नॉर्डिस्क एजुकेशन फाउंडेशन एवं पराग सागर फाउंडेशन के सहयोग से 9 मई 2026 को सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक लेक्चर हॉल-2, मेडिकल कॉलेज जबलपुर में जागरूकता अभियान, सीएमई सत्र एवं नि:शुल्क एचएलए जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। सीएमई सत्र में सिकलसेल एवं थैलेसीमिया के नवीनतम उपचार, समय पर जांच, रोकथाम, मरीज परामर्श एवं मनोवैज्ञानिक सहयोग पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। साथ ही केस स्टडी एवं इंटरैक्टिव प्रेजेंटेशन भी होंगे। कार्यक्रम में डॉ. रूबी खान, डॉ. नवीन कोठारी, डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. श्वेता पाठक, डॉ. शशांक सागर पांडेय, डॉ. शरद जैन, डॉ. मोनिका लाजरास, डॉ. विकेश अग्रवाल, डॉ. रानू मिश्रा, डॉ. रविन्द्र विश्नोई, डॉ. रविन्द्र छाबड़ा, डॉ. बी.के. यादव सहित लगभग 50 चिकित्सा विशेषज्ञ एवं स्टाफ शामिल होंगे।

शिविर में नि:शुल्क एचएलए जांच, विशेषज्ञ परामर्श, मरीज शिक्षा एवं काउंसलिंग की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। आयोजकों ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

**उपलब्धि** | जबलपुर, इंदौर, भोपाल ने भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# पीएम स्वनिधि योजना : मध्य प्रदेश बना देश का सिरमौर

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश ने केंद्र सरकार की 'पीएम स्वनिधि योजना' के क्रियान्वयन में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा है। राज्य सरकार के अथक प्रयासों से न केवल लाखों रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं का जीवन सुधरा है, बल्कि मध्य प्रदेश के शहरों ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़े-बड़े महानगरों को भी पीछे छोड़ दिया है।

प्रदेश में अब तक 9.92 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ मिल चुका है। कुल 15.69 लाख ऋण प्रकरणों के माध्यम से 2,632 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है।

प्रदेश के 7 लाख से अधिक विक्रेता अब डिजिटल लेनदेन कर रहे हैं, जिसके फलस्वरूप उन्हें 47 करोड़ रुपये से अधिक का कैशबैक प्राप्त हुआ है। योजना की अवधि को 31 मार्च 2030 तक बढ़ा दिया गया है। अब विक्रेताओं को विभिन्न चरणों में 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, 30,000 रुपये की सीमा वाला क्क्षु-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड भी जारी किया जा रहा है।

### इंदौर, भोपाल और जबलपुर का राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा सम्मान

भारत सरकार के पोर्टल पर जारी आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों ने राष्ट्रीय रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इंदौर नगर निगम ने 33,332 ऋण प्रकरण वितरित कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खास बात यह है कि इंदौर ने मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे बड़े महानगरों को भी पीछे छोड़ दिया है।

### जबलपुर का भी बेहतर प्रदर्शन

10 लाख से 40 लाख की आबादी वाली श्रेणी में भोपाल नगर निगम दूसरे और जबलपुर नगर निगम तीसरे स्थान पर रहा है। 1 लाख से 10 लाख की आबादी वाली श्रेणी में बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन ने देश में पांचवां स्थान हासिल किया है। मध्य प्रदेश की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सही नीति और ज़मीनी स्तर पर सक्रियता से छोटे विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस बड़ी उपलब्धि के पीछे निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की पारदर्शी सोच और जमीनी स्तर पर की गई मेहनत का परिणाम है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए टीम को श्रेय दिया है।



### 21 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह 5 को

**नवभारत, जबलपुर।** प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज़ अख्तर ने 5 मई 2026 को 21 निर्धन एवं निराश्रित कन्याओं के नि:शुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन करने की घोषणा की है। यह भव्य कार्यक्रम जबलपुर में आयोजित होगा, जिसमें 10 जोड़े स्थानीय और अन्य विभिन्न क्षेत्रों से शामिल होंगे। शहनाज़ अख्तर ने बताया कि इस आयोजन के लिए किसी प्रकार का चंदा या आर्थिक सहायता नहीं ली गई है। उन्होंने अपने भजनों से अर्जित धन को ही इस पुनीत कार्य में लगाने का निर्णय लिया है। चयन प्रक्रिया पारदर्शी रखते हुए उन बेटियों को प्राथमिकता दी गई है जो आर्थिक रूप से कमजोर, अनाथ या निराश्रित हैं। दस्तावेजों की गहन जांच के बाद ही सभी 21 जोड़ों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य धर्म और मानव सेवा के कार्यों में अपनी कमाई का उपयोग करना है, ताकि जरूरतमंद बेटियों का जीवन संवर सके। इस अवसर पर संगीतकार प्रतीक श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।